# WESTERN U.P. CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY

# MASIK PATRIKA

## FEBRUARY 2022

**Address-** WESTERN U.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY

BOMBAY BAZAR, NEAR HANUMAN CHOWK, MEERUT CANTT- 250001 (U.P.) INDIA

**Phone No.** 0121- 2661238, 2661177; **Fax:** 0121-2661685

**E-mail:** wupcc@rediffmail.com **Website:** www.wupcc.org

- **Patron**
  Dr. Mahendra Kumar Modi
- **President**
  Dr. Ram Kumar Gupta
- **Sr. Vice President**
  Shri Shashank Jain
- **Jr. Vice President**
  Shri Lokesh Kumar Singhal, Hapur
  Shri Neel Kamal Puri, Muzaffarnagar
- **Secretary / Editor**
  Smt Sarita Agarwal

## Patrika Committee

- **Chairman**
  Shri Rahul Das
- **Co-Chairman**
  Shri Sushil Jain
- **Members**
  Shri Manoj Kumar Gupta (Hapur)
  Shri Rakesh Kohli
  Shri Trilok Anand
  Shri Rajendra Singh
  Shri G.C. Sharma
  Shri Atul Bhushan Gupta
- **Co-Editor**
  Mr. Manish Kumar

# INDEX


- Highlights of the Union Budget 2022-23
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के साथ वर्चुअल संवाद
- वसूली से पहले कारोबारियों को जीएसटीआर-1 और 3बी में गलतियां सुधारने का मिलेगा समय
- ई-एडवांस रूलिंग स्कीम के लिए अब ई-मेल से आवेदन संभव, करदाताओं को होगा यह फायदा
- करदाताओं को राहत, फेसलेस मूल्यांकन में मिलेगा अपनी बात रखने का मौका
- वेंडर से लगवाएं या खुद लगाएं, सोलर रूफटॉप पर सरकार से मिलेगी छूट
- ई-नॉमिनेशन हुआ अनिवार्य, इसके बिना अब नहीं देख पाएंगे अपने पीएफ खाते का बैलेंस
- PF खाते से घंटे भर में निकाल सकते हैं एक लाख रुपये
- कम ऊंचाई वाले भवनों के लिए फायर एनओसी लेना होगा आसान
- सोना अब सीधे आयात कर सकेंगे ज्वैलर्स, नकली सोने के सिंडीकेट पर लगेगी लगाम, इस कदम से घट सकते हैं गोल्ड के दाम

# HIGHLIGHTS OF THE UNION BUDGET 2022-23

The Union Budget seeks to complement macro-economic level growth with a focus on micro-economic level all inclusive welfare. The Union Minister for Finance & Corporate Affairs, Smt Nirmala Sitharaman tabled the Union Budget 2022-23 in Parliament.

**The key highlights of the budget are as follows:**

## PART A

- India's economic growth estimated at **9.2%** to be the highest among all large economies.
- **60 lakh new jobs** to be created under the productivity linked incentive scheme in 14 sectors.
- PLI Schemes have the potential to create an **additional production of Rs 30 lakh crore.**
- Entering Amrit Kaal, the 25 year long lead up to India @100, the budget provides impetus for growth along **four priorities**:

  - **PM GatiShakti**
  - **Inclusive Development**
  - **Productivity Enhancement & Investment, Sunrise opportunities, Energy Transition, and Climate Action.**
  - **Financing of investments**

### PM GatiShakti

- The seven engines that drive PM GatiShakti are **Roads, Railways, Airports, Ports, Mass Transport, Waterways and Logistics Infrastructure.**

**PM GatiShkati National Master Plan**

- The scope of PM GatiShakti National Master Plan will encompass the seven engines for economic transformation, seamless multimodal connectivity and logistics efficiency.
- **The projects pertaining to these 7 engines in the National Infrastructure Pipeline will be aligned with PM GatiShakti framework.**

**Road Transport**

- National Highways Network to be expanded by **25000 Km** in 2022-23.
- **Rs 20000 Crore** to be mobilized for National Highways Network expansion.

**Multimodal Logistics Parks**

- Contracts to be awarded through PPP mode in 2022-23 for implementation of Multimodal Logistics Parks at four locations.

**Railways**

- **One Station One Product** concept to help local businesses & supply chains.
- **2000 Km of railway network to be brought under Kavach**, the indigenous world class technology and capacity augmentation in 2022-23.
- **400 new generation Vande Bharat Trains** to be manufactured during the next three years.
- **100 PM GatiShakti Cargo terminals for multimodal logistics** to be developed during the next three years.

**Parvatmala**

- National Ropeways Development Program, Parvatmala to be taken up on PPP mode.
- Contracts to be awarded in 2022-23 for **8 ropeway projects of 60 Km length**.

- **<u>Inclusive Development</u>**

**Agriculture**

- **Rs. 2.37 lakh crore direct payment to 1.63 crore farmers** for procurement of wheat and paddy.
- Chemical free Natural farming to be promoted throughout the country. Initial focus is onfarmer's lands in 5 Km wide corridors along river Ganga.
- NABARD to facilitate fund with blended capital to finance startups for agriculture & rural enterprise.
- 'Kisan Drones' for crop assessment, digitization of land records, spraying of insecticides and nutrients.


**SHUBHAM ORGANICS LIMITED**

**Corporate Office & Works :**

**303-A, INDUSTRIAL AREA,**

**PARTAPUR MEERUT – 250103 (U.P.) INDIA**

**Tel. fax.: 0121-2440711**

**Email- shubhamorganics95@gmail.com**

**Ken Betwa project**

- **1400 crore** outlay for implementation of the Ken – Betwa link project.
- **9.08 lakh hectares** of farmers' lands to receive irrigation benefits by Ken-Betwa link project.

**MSME**

- **Udyam, e-shram, NCS and ASEEM portals to be interlinked.**
- 130 lakh MSMEs provided additional credit under Emergency Credit Linked Guarantee Scheme (ECLGS)
- ECLGS to be extended up to March 2023.
- Guarantee cover under ECLGS to be expanded by **Rs 50000 Crore to total cover of Rs 5 Lakh Crore.**
- **Rs 2 lakh Crore** additional credit for Micro and Small Enterprises to be facilitated under the Credit Guarantee Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE).
- **Raising and Accelerating MSME performance (RAMP) programme** with outlay of Rs 6000 Crore to be rolled out.

SARU METALS

# SARU SMELTING PRIVATE LIMITED

**SARU NAGAR, SARDHANA ROAD, MEERUT- 250001 (INDIA)**

**Tel.: 0121-2556051, 2555449, Fax: 0121-2555969**

**Email: info@sarumetals.com**

**Website: www.sarumetals.com**

**Skill Development**

- **Digital Ecosystem for Skilling and Livelihood** (**DESH-Stack e-portal**) will be launched to empower citizens to skill, reskill or upskill through on-line training.
- Startups will be promoted to facilitate '**Drone Shakti**' and for **Drone-As-A-Service** (DrAAS).

**Education**

- '**One class-One TV channel' programme of PM eVIDYA** to be expanded to 200 TV channels.
- Virtual labs and skilling e-labs to be set up to promote critical thinking skills and simulated learning environment.
- High-quality e-content will be developed for delivery through Digital Teachers.
- Digital University for world-class quality universal education with personalised learning experience to be established.

**Health**

- An **open platform** for **National Digital Health Ecosystem** to be rolled out.
- '**National Tele Mental Health Programme**' for quality mental health counselling and care services to be launched.
- A network of **23 tele-mental health centres** of excellence will be set up, with NIMHANS being the nodal centre and International Institute of Information Technology-Bangalore (IIITB) providing technology support.

**Saksham Anganwadi**

- Integrated benefits to women and children through Mission Shakti, Mission Vatsalya, Saksham Anganwadi and Poshan 2.0.
- **Two lakh anganwadis** to be upgraded to Saksham Anganwadis.

**Har Ghar, Nal Se Jal**

- **Rs. 60,000 crore** allocated to cover **3.8 crore households** in 2022-23 under Har Ghar, Nal se Jal.

**Housing for All**

- **Rs. 48,000 crore** allocated for completion of **80 lakh houses** in 2022-23 under PM Awas Yojana.

**Prime Minister's Development Initiative for North-East Region (PM-DevINE)**

- New scheme PM-DevINE launched to fund infrastructure and social

developmentprojects in the North-East.

- An initial allocation of **Rs. 1,500 crore** made to enable livelihood activities for youth andwomen under the scheme.

**Vibrant Villages Programme**

- Vibrant Villages Programme for development of Border villages with sparse population,limited connectivity and infrastructure on the northern border.

**Banking**

- **100 per cent of 1.5 lakh post offices** to come on the **core banking system**.
- Scheduled Commercial Banks to set up **75 Digital Banking Units (DBUs) in 75districts**.

**e-Passport**

- e-Passports with embedded chip and futuristic technology to be rolled out.

**Urban Planning**

- Modernization of building byelaws, Town Planning Schemes (TPS), and Transit OrientedDevelopment (TOD) will be implemented.
- Battery swapping policy to be brought out for setting up charging stations at scale inurban areas.

**Land Records Management**

- Unique Land Parcel Identification Number for IT-based management of land records.

**Accelerated Corporate Exit**

- **Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)** to be established forspeedy winding-up of companies.

**AtmaNirbharta in Defence:**

- **68% of capital procurement budget earmarked for domestic industry** in 2022-23, upfrom 58% in 2021-22.
- Defence R&D to be opened up for industry, startups and academia with 25% of defenceR&D budget earmarked.
- Independent nodal umbrella body to be set up for meeting testing and certificationrequirements.

**Sunrise Opportunities**

- Government contribution to be provided for R&D in Sunrise Opportunities like Artificial Intelligence, Geospatial Systems and Drones, Semiconductor and its

eco-system, Space Economy, Genomics and Pharmaceuticals, Green Energy, and Clean Mobility Systems.

**Energy Transition and Climate Action:**

- Additional allocation of **Rs. 19,500 crore for Production Linked Incentive for manufacture of high efficiency solar modules** to meet the goal of 280 GW of installed solar power by 2030.
- Five to seven per cent biomass pellets to be co-fired in thermal power plants:
    - **$CO_2$ savings of 38 MMT annually**,
    - Extra income to farmers and job opportunities to locals,
    - Help avoid stubble burning in agriculture fields.
- **Four pilot projects to be set up for coal gasification and conversion of coal intochemicals** for the industry
- Financial support to farmers belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, whowant to take up agro-forestry.

**Public Capital Investment:**

- Public investment to continue to pump-prime private investment and demand in 2022-23.
- **Outlay for capital expenditure stepped up sharply by 35.4% to Rs. 7.50 lakh crorein 2022-23** from Rs. 5.54 lakh crore in the current year.
- Outlay in 2022-23 to be **2.9% of GDP**.
- **'Effective Capital Expenditure'** of Central Government estimated at **Rs.** 1**0.68 lakhcrore in 2022-23**, which is about **4.1% of GDP**.

**GIFT-IFSC**

- World-class foreign universities and institutions to be allowed in the GIFT City.
- An **International Arbitration Centre** to be set up for timely settlement of disputesunder international jurisprudence.

**Mobilising Resources**

- **Data Centres and Energy Storage Systems** to be given infrastructure status.
- Venture Capital and Private Equity invested more than Rs. 5.5 lakh crore last year facilitating one of the largest start-up and growth ecosystem. Measures to be taken to helpscale up this investment.
- **Blended funds to be promoted for sunrise sectors.**
- **Sovereign Green Bonds** to be issued for mobilizing resources for green infrastructure.

**Digital Rupee**

- Introduction of **Digital Rupee by the Reserve Bank of India starting 2022-23**.

**Providing Greater Fiscal Space to States**

- **Enhanced outlay for 'Scheme for Financial Assistance to States for Capital Investment'**:
    - From Rs. 10,000 crore in Budget Estimates to **Rs. 15,000 crore in Revised Estimates for current year**
- Allocation of **Rs. 1 lakh crore in 2022-23 to assist the states in catalysing overall investments** in the economy: fifty-year interest free loans, over and above normal borrowings
- **In 2022-23, States will be allowed a fiscal deficit of 4% of GSDP, of which 0.5% will be tied to power sector reforms**

**Fiscal Management**

- Budget Estimates 2021-22: Rs. 34.83 lakh crore
- Revised Estimates 2021-22: Rs. 37.70 lakh crore

- **Total expenditure in 2022-23 estimated at Rs. 39.45 lakh crore**
- **Total receipts other than borrowings in 2022-23 estimated at Rs. 22.84 lakh crore**
- Fiscal deficit in current year: 6.9% of GDP (against 6.8% in Budget Estimates)
- **Fiscal deficit in 2022-23 estimated at 6.4% of GDP**

## PART B

## DIRECT TAXES

**To take forward the policy of stable and predictable tax regime:**

- Vision to establish a trustworthy tax regime.
- To further simplify tax system and reduce litigation.

**Introducing new 'Updated return'**

- Provision to file an Updated Return on payment of additional tax.
- Will enable the assessee to declare income missed out earlier.
- Can be filed **within two years** from the end of the relevant assessment year.

**Cooperative societies**

- Alternate Minimum Tax paid by cooperatives brought down from **18.5 per**

**cent to 15per cent.**

- To provide a level playing field between cooperative societies and companies.
- Surcharge on cooperative societies reduced from **12 per cent to 7 per cent** for thosehaving total income of more than Rs 1 crore and up to Rs 10 crores.

**Tax relief to persons with disability**

- Payment of annuity and lump sum amount from insurance scheme to be allowed to differently abled dependent during the lifetime of parents/guardians, i.e., on parents/ guardian attaining the age of 60 years.

**Parity in National Pension Scheme Contribution**

- Tax deduction limit increased from **10 per cent to 14 per cent** on employer'scontribution to the NPS account of State Government employees.
- Brings them at par with central government employees.
- Would help in enhancing social security benefits.

**Incentives for Start-ups**

- Period of incorporation extended by **one year, up to 31.03.2023** for eligible start-ups to avail tax benefit.
- Previously the period of incorporation valid up to 31.03.2022.

**Incentives under concessional tax regime**

- Last date for commencement of manufacturing or production under section 115BAB extended by **one year i.e. from 31st March, 2023 to 31st March, 2024.**

**Scheme for taxation of virtual digital assets**

- Specific tax regime for virtual digital assets introduced.
- Any income from transfer of any virtual digital asset to be taxed at the rate of **30 per cent**.
- No deduction in respect of any expenditure or allowance to be allowed while computing such income except cost of acquisition.
- Loss from transfer of virtual digital asset cannot be set off against any other income.
- To capture the transaction details, TDS to be provided on payment made in relation to transfer of virtual digital asset at the rate of 1 per cent of such consideration above a monetary threshold.
- Gift of virtual digital asset also to be taxed in the hands of the recipient.

**Litigation Management**

- In cases where question of law is identical to the one pending in High Court or Supreme Court, the filing of appeal by the department **shall be deferred** till such question of law is decided by the court.
- To greatly help in reducing repeated litigation between taxpayers and the department.

**Tax incentives to IFSC**

- Subject to specified conditions, the following to be **exempt from tax**
  - Income of a non-resident from offshore derivative instruments.
  - Income from over the counter derivatives issued by an offshore banking unit.
  - Income from royalty and interest on account of lease of ship.
  - Income received from portfolio management services in IFSC.

**Rationalization of Surcharge**

- Surcharge on AOPs (consortium formed to execute a contract) capped at **15 per cent.**
- Done to reduce the disparity in surcharge between individual companies and AOPs.

- Surcharge on long term capital gains arising on transfer of any type of assets capped at **15per cent.**
- To give a boost to the start up community.

**Health and Education Cess**

- Any surcharge or cess on income and profits **not allowable** as business expenditure.

**Deterrence against tax-evasion**

- No set off, of any loss to be allowed against undisclosed income detected during searchand survey operations.

**Rationalizing TDS Provisions**

- Benefits passed on to agents as business promotion strategy taxable in hands of agents.
- Tax deduction provided to person giving benefits, if the aggregate value of such benefitsexceeds Rs 20,000 during the financial year.

## INDIRECT TAXES

**Remarkable progress in GST**

- GST revenues are buoyant despite the pandemic – Taxpayers deserve applause for this growth.

**Special Economic Zones**

- Customs Administration of SEZs to be fully IT driven and function on the **Customs National Portal** – shall be implemented by 30th September 2022.

**Customs Reforms and duty rate changes**

- Faceless Customs has been fully established. During Covid-19 pandemic, Customs formations have done exceptional frontline work against all odds displaying agility and purpose.

**Project imports and capital goods**

- Gradually phasing out of the concessional rates in capital goods and project imports; and applying a moderate tariff of **7.5 percent** – conducive to the growth of domestic sector and 'Make in India'.


PASWARA GROUP

PASWARA PAPERS LIMITED

AN ISO 9001: 2008 Certified Company

**Paper Product**

**High RCT Paper, High Ply Bond Paper, High BF Kraft Paper, White Craft Liner Paper**

**Regd. Office:**

Paswara House, Baghpat Road, Meerut (U.P.) India

Tel.: +91-121-2511692, Fax: +91-121-4056535

Email: **paswara@ndf.vsnl.net.in**

**Factory:**

N.H.-58, Paswara Border, Mohiuddinpur, Delhi Road, Meerut (U.P.) India

Tel.: +91-121-2410502/503 Fax: +91-121-2410505

Email: info@paswara.com

- Certain exemptions for advanced machineries that are not manufactured within the country shall continue.
- A few exemptions introduced on inputs, like specialised castings, ball screw and linear motion guide - to encourage domestic manufacturing of capital goods.

**Review of customs exemptions and tariff simplification**

- More than **350 exemption entries proposed** to be gradually phased out, like exemption on certain agricultural produce, chemicals, fabrics, medical devices, & drugs and medicines for which sufficient domestic capacity exists.

- Simplifying the Customs rate and tariff structure particularly for sectors like chemicals, textiles and metals and minimise disputes; Removal of exemption on items which are or can be manufactured in India and providing concessional duties on raw material that go into manufacturing of intermediate products – in line with the objective of 'Make inIndia' and 'Atmanirbhar Bharat'.

**Sector specific proposals**

**Electronics**

- Customs duty rates to be calibrated to provide a graded rate structure - to facilitate domestic manufacturing of wearable devices, hearable devices and electronic smart meters.
- Duty concessions to parts of transformer of mobile phone chargers and camera lens of mobile camera module and certain other items – To enable domestic manufacturing of high growth electronic items.

**Gems and Jewellery**

- Customs duty on cut and polished diamonds and gemstones being reduced **to 5 per cent**; Nil customs duty to simply sawn diamond - To give a boost to the Gems and Jewellery sector
.
- A simplified regulatory framework to be implemented by June this year - To facilitateexport of jewellery through e-commerce.

- Customs duty of at least Rs 400 per Kg to be paid on imitation jewellery import - Todisincentivise import of undervalued imitation jewellery.

**Chemicals**

- Customs duty on certain critical chemicals namely methanol, acetic acid and heavy feed stocks for petroleum refining being reduced; Duty is being raised on sodium cyanide for which adequate domestic capacity exists – This will help in

enhancing domestic value addition.

**MSME**

- Customs duty on umbrellas being raised to 20 per cent. Exemption to parts of umbrellas being withdrawn.
- Exemption being rationalised on implements and tools for agri-sector which are manufactured in India
- Customs duty exemption given to steel scrap last year extended for another year to provide relief to MSME secondary steel producers
- Certain Anti- dumping and CVD on stainless steel and coated steel flat products, bars of alloy steel and high-speed steel are being revoked – to tackle prevailing high prices of metal in larger public interest.

**Exports**

- To incentivise exports, exemptions being provided on items such as embellishment, trimming, fasteners, buttons, zipper, lining material, specified leather, furniture fittings and packaging boxes.
- Duty being reduced on certain inputs required for **shrimp aquaculture** - to promote its exports.

**Tariff measure to encourage blending of fuel**

- Unblended fuel to attract an additional differential **excise duty of Rs 2/ litre** from the 1st of October 2022 - to encourage blending of fuel.


**ANAMIKA UDYOG**

MANUFACTURES OF:

SURGICALS DRESSINGS

Address: 61/1, Madhuban Colony, Baghpat Road, Meerut-250002

E-mail: **anamikaudyog@hotmail.com**

Mobile No.: 9837031861, 9927025661

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के साथ वर्चुअल संवाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्योग जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने "आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश" विषय पर सीएम से संवाद कर सरकार की उद्योग प्रोत्साहन नीतियों को सराहा तो भविष्य की जरूरतों के बारे में अपनी अपेक्षाएं भी रखी। उद्योग रत्न से सम्मानित चैम्बर के अध्यक्ष डॉ राम कुमार गुप्ता ने लॉ एंड ऑर्डर के लिए सीएम की प्रशंसा की एवं मेरठ में खेल विश्वविद्यालय और ईएसआई हॉस्पिटल के लिए भूमि देने पर आभार जताते हुए मुख्यमंत्री जी का उद्योगों से संबंधित विभिन्न समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया।

# वसूली से पहले कारोबारियों को जीएसटीआर-1 और 3बी में गलतियां सुधारने का मिलेगा समय

कम टैक्स चुकाने या कर का भुगतान नहीं करने की वजह से वसूली कार्रवाई शुरू करने से पहले बिक्री रिटर्न जीएसटीआर-1 में दर्शाए गए कारोबार के अंतर और कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर 3 बी में गलतियां सुधारने के लिए कारोबारियों को उचित समय दिया मिलेगा। इस संबंध में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दिशा निर्देश जारी किया है।

सीबीआईसी ने कहा कि कर अधिकारी ऐसी विसंगतियों की वजह समझाने के लिए कारोबारियों को उचित समय देंगे। जीएसटी कानून में 1 जनवरी, 2022 से हुए बदलाव के मुताबिक, कर अधिकारियों को उन व्यवसायों के खिलाफ सीधे वसूली कार्रवाई शुरू करने की इजाजत दी गई थी, जिन्होंने मासिक रिटर्न जीएसटीआर-1 में अधिक बिक्री दिखाई थी, लेकिन कर भुगतान के दौरान मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर -3 बी में इसका उल्लेख नहीं किया। इस कदम का मकसद फर्जी बिलिंग जैसी गतिविधियों पर रोक लगाना है।

## पहले मिलता था नोटिस:

फर्जी बिलिंग से विक्रेता जीएसटीआर -1 में अधिक बिक्री दिखाते थे ताकि खरीदार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर सके। जीएसटीआर -3 बी में घटी बिक्री दिखाकर कम टैक्स जमा करते थे। अभी तक जीएसटी कानून के

तहत ऐसे मामलों में पहले कारण बताओ नोटिस जारी होता था और फिर वसूली प्रक्रिया शुरू की जाती थी।

## **जीएसटीआर-3 बी फॉर्म में जल्द कैलकुलेटर सुविधा:**

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) करदाताओं की मदद के लिए जीएसटीआर-3 बी में जल्द कैलकुलेटर की सुविधा शुरू करेगी। इससे न सिर्फ रिटर्न भरना और सुगम हो जाएगा बल्कि करदाता विलंबित कर भुगतान के लिए ब्याज की गणना कर सकेंगे।

जीएसटीएन ने ने कहा, नई सुविधा के जरिये जीएसटीआर -3 बी में करदाताओं की ओर से विशेष कर अवधि के लिए घोषित राशि के आधार पर न्यूनतम ब्याज की गणना होगी। जीएसटी कानून के मुताबिक, समय पर टैक्स चुकाने में विफल रहने पर 18 % ब्याज लगता है। आईटीसी के लिए गैर- वाजिब या अधिक दावा करने पर 24 फीसदी ब्याज लगाया जाता है।


# **INDRA BRICK WORKS**

## **Manufacture of:**

**MOHAN BRAND Quality Bricks and Tiles**

**Office: 6-B, Shambhu Nagar, Baghpat Road, Meerut City-250002**

**Mobile No.: 9737126444, 9837081518**

**Email: rajinder_2068@yahoo.com**

**Works: Malyana, Before Bypass, Baghpat Road, Opp. DPS, Meerut City**

# ई-एडवांस रूलिंग स्कीम के लिए अब ई-मेल से आवेदन संभव, करदाताओं को होगा यह फायदा

वित्त मंत्रालय ने ई-एडवांस रूलिंग स्कीम को अधिसूचित कर दिया है। इससे करदाता अपनी एडवांस रूलिंग के लिए ई-मेल से आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा अधिसूचित "ई-एडवांस रूलिंग स्कीम, 2020" के तहत यह सुविधा दी गई है कि एडवांस रूलिंग बोर्ड के समक्ष सुनवाई अब वीडियो कान्फ्रेंसिंग या वीडियो टेलीफोनी के माध्यम से भी हो सकती है। इसमें करदाताओं को पर्याप्त समय भी दिया जाएगा।

इसका सबसे ज्यादा फायदा उन करदाताओं को होगा, जो देश से बाहर रहते हैं। इस योजना में यह भी कहा गया है कि करदाता और विभाग के बीच सभी संवाद सिर्फ इलेक्ट्रानिक माध्यम से किया जाएगा। इसके तहत सभी संवाद की प्रति ई-मेल से करदाता को भेजी जाएगी। एडवांस रूलिंग की सुविधा आयकर कानून के माध्यम से करदाताओं को दी गई है। इसका फायदा अप्रवासी भारतीयों समेत कुछ अन्य कैटेगरी के करताओं को दिया जाता है, जिन्हें भारत में अपने लेनदेन पर भारतीय आयकर कानूनों के तहत टैक्स चुकाना होता है।

HYUNDAI

DAS HYUNDAI

Das Building, Abu Lane, Meerut

Phone no.: 0121-2660052/2660335

# करदाताओं को राहत, फेसलेस मूल्यांकन में मिलेगा अपनी बात रखने का मौका

आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पेश बजट में फेसलेस मूल्यांकन के तहत करदाताओं को राहत दी गई है। अब तक के नियम के मुताबिक, फेसलेस मूल्यांकन के तहत कर अधिकारी का यह विवेकाधिकार होता है कि वह करदाता को बोलने का अवसर देता है या नहीं है। लेकिन, बजट में इसके प्रावधान में बदलाव किया गया है। टैक्स विशेषज्ञ और सीए असीम चावला ने बताया कि दो साल पहले जब फेसलेस मूल्यांकन लागू किया गया तो उसके बाद कई करदाता इस बात को लेकर अदालत चले गए कि उन्हें अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया जा रहा है और उन्हें भी सुना जाना चाहिए।

चावला के अनुसार, इसे ध्यान में रखते हुए ही जिन करदाताओं के खिलाफ प्रत्यक्ष कर का फेसलेस मामला चल रहा है, उन्हें अपनी बात को अधिकारी के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रखने में सक्षम बनाने के लिए ऐसा किया गया है। अब वह अपनी बात को अधिकारी के सामने रख सकेंगे। चावला ने बताया कि केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर के कर मामले और छापेमारी के मामले में शारीरिक रूप से उपस्थित होने की इजाजत है।

बजट में मुकदमों को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। टैक्स विशेषज्ञ के मुताबिक, अगर किसी मामले में पहले से विभाग ने हाईकोर्ट या ट्रिब्यूनल में अपील दायर कर रखी है और समान मुद्दे पर किसी और वादी के साथ निचली अदालत का फैसला आता है तो ऐसे में प्रत्यक्ष कर विभाग के बड़े अधिकारियों का एक कॉलेजियम यह फैसला लेगा कि उन्हें अपील दाखिल करना है या नहीं।

हालांकि, अभी कॉलेजियम का गठन नहीं हुआ है लेकिन, अगले दो-तीन महीनों में इस कॉलेजियम का गठन हो जाएगा। बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण 2019 में ई-मूल्यांकन का ऐलान किया था, जिसके बाद आयकर विभाग ने अक्टूबर 2019 में इसे लागू कर दिया था और तभी से यह चलता आ रहा है।

# वेंडर से लगवाएं या खुद लगाएं, सोलर रूफटॉप पर सरकार से मिलेगी छूट

सोलर रूफटाप पर सब्सिडी के लिए अब सरकार द्वारा अधिसूचित वेंडर पर आश्रित नहीं रहना होगा। रिन्युएबल एनर्जी मंत्रालय ने कहा कि लोग चाहे खुद ही या अपनी पसंद के किसी भी वेंडर से सोलर रूफटाप लगवा सकते है, उन्हें उस पर सब्सिडी मिलेगी। सरकारी योजना के तहत सब्सिडी का लाभ पाने के लिहाज से वितरण के लिए लगवाई गई प्रणाली की एक एक तस्वीर पर्याप्त है।

पहले रूफटाप योजना के तहत लाभ और सब्सिडी प्राप्त करने के लिए केवल सूचीबद्ध विक्रेता से ही रूफटाप सोलर प्रणाली लगवानी होती थी। मंत्रालय ने एक ब्यान में कहा कि रूफटाप सोलर योजना को सरल बनाने का निर्णय केंद्रीय रिन्युएबल एनर्जी मंत्री आरके सिंह की अध्यक्षता में 19 जनवरी 2022 को हुई समीक्षा बैठक में लिया गया था। इस ब्यान में कहा गया कि योजना की समीक्षा के बाद मंत्री ने रूफटाप योजना को सरल बनाने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो को सोलर रूफटाप लगवाने के लिए प्रेरित करना है। सरकार द्वारा अधिसूचित वेंडर से ही सोलर रूफटाप लगवाने की बाध्यता खत्म कर देने के बाद अधिक से अधिक लोग इसे अपनाएंगे। जो बिना किसी वेंडर की मदद के स्वयं ही इसे लगा सकते है, वे भी अब सब्सिडी का लाभ लेकर सोलर एनर्जी को प्राथमिकता देंगे। मंत्री जी ने निर्देश दिया है कि अब से किसी भी परिवार के लिए किसी भी सूचीबद्ध विक्रेता से इस प्रणाली को छत पर लगवाना आवश्यक नहीं होगा।

मंत्रालय ने कहा कि लोग अपने घरो में स्वयं भी रूफटाप सोलर पैनल स्थापित कर सकते है या अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता द्वारा इन्हे लगवा सकते है, और वितरण कंपनी को सिस्टम की एक तस्वीर के साथ स्थापित किए गए इंस्टालेशन के बारे में सूचित कर सकते है। रूफटाप लगाने की सूचना या तो एक पत्र/आवेदन के माध्यम से या नामित वेबसाइट पर दी जा सकती है, जिसे प्रत्येक डिस्काम और केंद्र सरकार द्वारा रूफटाप योजना के लिए शुरू किया गया है। वितरण कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि सूचना मिलने के 15 दिन के भीतर 'नेट मीटरिंग' उपलब्ध करा दी जाए। सब्सिडी 3 किलोवाट क्षमता तक के पैनल के लिए 40 प्रतिशत और 3 किलोवाट से 10 किलोवाट तक की क्षमता के लिए 20 प्रतिशत है। इसे स्थापना के 30 दिन के भीतर डिस्काम द्वारा गृहस्वामी के खाते में जमा किया जाएगा।

सोलर पैनल और इनवर्टर की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुसार हो, यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार

समय-समय पर सोलर पैनल निर्माताओं और इनवर्टर निर्माताओं की सूची प्रकाशित करेगी। इनके ये उत्पाद अपेक्षित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले होंगे और इनके लिए मूल्य सूची भी दी जाएगी। उसके उपरांत गृहस्वामी अपनी पसंद के सोलर पैनल और इनवर्टर का चयन कर सकते है। बयान के अनुसार डिस्काम द्वारा नामित किसी भी वेंडर के माध्यम से रूफटाप पैनल लगाने का विकल्प पहले की तरह उपलब्ध रहेगा।


# SANGAL PAPERS LIMITED

## Manufactures of:

ENVELOPE PAPERS, RIBBED PAPERS, PACKAGING & MANINATION PAPERS, SCRAP BOOK, CRAFT PAPERS, WRITING & PRINTING PAPERS, MG COLOUR PAPERS, NEWS PRINT PAPERS, STATIONERY PAPERS, PULP GRADE PAPERS

## Regd. Office/Works:

**Village Bhainsa, 22Km, Meerut Mawana Road, Mawana, Meerut- 250401**

**Phone No.: 01233-271137**

**Email:** sales@sangalpapers.com

**Website: www.sangalpapers.com**

# ई-नॉमिनेशन हुआ अनिवार्य, इसके बिना अब नहीं देख पाएंगे अपने पीएफ खाते का बैलेंस

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने खाताधारकों के लिए ई-नॉमिनेशन जरूरी कर दिया है। खाताधारक ई-नॉमिनेशन के बिना पीएफ पासबुक नहीं देख पाएंगे। अभी तक ऐसा करना जरूरी नहीं था। लेकिन, अब पीएफ खाते का बैलेंस देखने को लिए ई-नॉमिनेशन अनिवार्य है। खाताधारक अभी तक ई-नॉमिनेशन के बिना भी कर्मचारी भविष्य निधि संगठनकी वेबसाइट पर जाकर आसानी से पीएफ बैलेंस और पासबुक देख सकते थे।

## देनी होती हैं ये जानकारियां:

ईपीएफ खाते में ई-नॉमिनेशन के लिए सबसे पहले नॉमिनी का नाम देना होता है। उसका पता और खाताधारक के साथ संबंध को बताना होता है। नॉमिनी की जन्मतिथि के साथ यह भी बताना होता है कि पीएफ खाते में जमा पैसे का कितना फीसदी हिस्सा उसे देना है। नॉमिनी अगर नाबालिग है तो उसके अभिभावक का नाम और पता देना पड़ता है। नॉमिनी का हस्ताक्षर या उसके अंगूठे का निशान देना जरूरी है।

## इसलिए है जरूरी:

किसी भी बचत योजना खाते के मामले में नॉमिनेशन जरूरी है। इससे खाताधारक की मौत के बाद पैसा उस व्यक्ति तक पहुंच जाता है, जिसे खाताधारक अपने बाद पहुंचाना चाहता था। ईपीएफ और इंप्लाई पेंशन स्कीम के मामले में भी नॉमिनेशन करना चाहिए ताकि ईपीएफओ सदस्य की असमय मौत के बाद नॉमिनी को यह फंड समय से मिल जाए।

## इन तरीकों से कर सकते हैं ई-नॉमिनेशन:

- ईपीएफ मेंबर पोर्टल पर यूएएन व पासवर्ड डालकर लॉग-इन करें।
- मैनेज सेक्शन में जाकर ई-नॉमिनेशन विकल्प पर क्लिक करें।
- प्रोफाइल में स्थायी व अस्थायी पता डालें और 'सेव' बटन पर क्लिक करें। आप परिवार वाले हैं या नहीं, इसका भी चयन करें।

- परिवार से सदस्यों के आधार नंबर, नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता, अभिभावक (नाबालिग नॉमिनी हो तो) की जानकारी भरें और सेव फैमिली डिटेल्स पर क्लिक करें। ज्यादा नॉमिनी भी जोड़ सकते हैं।
- किस नॉमिनी को कितनी राशि मिलेगी, इसकी घोषणा भी कर सकते हैं।
- आधार की वर्चुअल आईडी डालकर 'वेरिफाई' पर क्लिक करें।
- आधार नंबर या आधार की वर्चुअल आईडी दर्ज कर 'गेट ओटीपी' पर क्लिक करें। आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।
- ईपीएफओ में नॉमिनेशन पूरा करने के लिए ओटीपी दर्ज करें। इसके बाद फिजिकल दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी।

## PF खाते से घंटे भर में निकाल सकते हैं एक लाख रुपये

कोरोना संकट के दौर में किसी मेडिकल इमर्जेंसी में फंस गए हैं तो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से घंटेभर के भीतर एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं। ईपीएफओ के सदस्य जरूरत पड़ने पर बिना कोई दस्तीवेज जमा किए अपने पीएफ अकाउंट से एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं। ईपीएफओ नौकरीपेशा लोगों को मेडिकल एडवांस क्लेम के तहत यह सुविधा दे रहा है। ईपीएफओ ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी है।

### इन शर्तों पर मिलती है सुविधा:

मेडिकल एडवांस क्लेम करने वाले कर्मचारी के परिवार का मरीज, सरकारी अस्पताल में भर्ती होना चाहिए। अगर इमरजेंसी में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है तो इस बारे में जांच की जाएगी। इसके बाद ही आप मेडिकल क्लेम के लिए आवेदन भर सकते हैं। सुविधा के तहत आप सिर्फ एक लाख रुपये तक एडवांस निकाल सकते हैं। अगर आप कारोबारी दिवस में आवेदन कर रहे हैं तो अगले ही दिन आपका पैसा खाते में आ जाएगा। यह पैसा या तो कर्मचारी के खाते में या फिर अस्पताल को भी सीधे ट्रांसफर किया जा सकता है। अस्पताल से डिस्चाार्ज होने के 45 दिन के भीतर मेडिकल स्लिप जमा करनी होती है। आपके फाइनल बिल को एडवांस रकम के साथ एडजस्ट कर दिया जाता है।

## ऐसे करें आवेदन:

- ईपीएफओ की वेबसाइट www.epfindia.gov.in पर ऑनलाइन एडवांस के लिए आवेदन करना होगा। सबसे पहले यहां आपको ऑनलाइन सेवाओं पर क्लिक करना है
- अब आपको क्लेम (फॉर्म -31,19,10 सी एवं 10 डी) भरना होगा।
- इसके बाद में अपने बैंक खाता के आखिरी के 4 अंक भरकर वेरिफाई करना होगा।
- अब आपको प्रॉसिड फॉर ऑनलाइन क्लेम पर क्लिक करना है।
- ड्रॉप डाउन से पीएफ एडवांस को (फॉर्म 31) सलेक्ट करना है।
- इसके बाद आपको पैसा निकालने का कारण भी देना होगा।
- अब आपको राशि दर्ज करनी है और चेक की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।
- इसके बाद में अपना पता भरें।
- इसके बाद गेट आधार ओटीपी पर क्लिक करें और आधार लिंक्ड मोबाइल पर आए ओटीपी को एंटर करें।
- अब आपका क्लेम फाइल हो जाएगा।

Shivangi International
TRADING | MANUFACTURING | MINING | REAL STATE | FARM

**SHIVANGI INTERNATIONAL**

**A-216, 2nd Floor, Meerut Mall, Near Metro Plaza, Delhi Road, Meerut**

**Telephone: 0121-2517722, 2511578, 4002793**

**E-mail: info@shivangiinternational.com, shivangi2@gmail.com**

**Website: www.shivangiinternational.com**

## कम ऊंचाई वाले भवनों के लिए फायर एनओसी लेना होगा आसान

प्रदेश में 15 मीटर से कम ऊंचाई (लो-राइज) के भवनों के लिए अब फायर की एनओसी लेना आसान होगा। शासन ने कठिनाइयों को दूर करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। फायर वाटर टैंक, पंप की स्थापना, स्मोक ऑटोमैटिक डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना और स्प्रिंकलर सिस्टम की स्थापना के लिए नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 में दी गई अग्निशमन व्यवस्थाओं में भी संशोधन किया गया है।

कम ऊंचाई वाले भवनों और मिश्रित उपयोगिता के भवनों के लिए एनओसी जारी करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए स्पष्ट व्यवस्था पहली बार प्रस्तावित की गई है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सुझाव के अनुसार सेटबैक के बारे में निर्णय बिल्डिंग बायलॉज के तहत लिए जाएंगे। पहुंच मार्ग न्यूनतम 6 मीटर या इतना चौड़ा होगा, जिससे मोटर फायर इंजन आसानी से आ-जा सके। लो राइज भवनों के अंतगर्त मौजूदा भवनों पर व्यवस्था बाध्यकारी न होकर स्वैच्छिक होगी।

## सोना अब सीधे आयात कर सकेंगे ज्वैलर्स, नकली सोने के सिंडीकेट पर लगेगी लगाम, इस कदम से घट सकते हैं गोल्ड के दाम

देश में पहली बार सर्राफा कारोबारी सीधे सोना आयात कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए कुछ मानक तय किए गए हैं, जिन पर खरा उतरने वाले ज्वैलर को 'क्वालीफाइड ज्वैलर्स' कहा जाएगा। इंटरनेशनल फायनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी और इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। इस नियम से नकली सोने के सिंडीकेट पर भी लगाम लगेगी। अभी तक सर्राफा कारोबारी सोना सीधे आयात नहीं कर सकते थे। भारत में सात एजेंसियां हैं, जिनके जरिए कारोबारी सोना खरीदते थे। ये एजेंसियां एक किलो सोने के एवज में लगभग सात से आठ हजार रुपये का प्रीमियम लेती हैं।

## इन शर्तों को पूरा करना होगा:

कोई भी पार्टनरशिप फर्म, कंपनी, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप जिनका बिजनेस एचएसएन कोड 7108, 7113, 7114, 7118 से हो रहा हो वह इसके लिए मान्य होंगे। यह कोड कीमती धातुओं के हैं। कारोबारी के सभी जीएसटी रिटर्न भरे हुए हों। कम से कम 90% बिजनेस पिछले तीन वर्ष का सोना-चांदी और कीमती पत्थरों का ही हो। कारोबारी की पिछली वित्तीय वर्ष की ऑडिट नेटवर्थ 25 करोड़ से ज्यादा हो। चार्टर्ड अकाउंटेंट या कंपनी सेक्रेटरी का सर्टिफिकेट लगाना होगा। इन सभी शर्तों को पूरा करने वाले किसी भी इंटरनेशनल एक्सचेंज के ट्रेडिंग मेंबर के जरिए सीधे सोना आयात कर सकेगा। इसके लिए कारोबारी को पहले अपने बैंक  से बात करनी होगी, जो सोने के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का भुगतान करेंगे।

## नए नियम के चार बड़े फायदे:

1-एजेंसियों को दिया जाने वाला कमीशन बचेगा। इससे सोने का आयात बढ़ेगा जिसका सीधा असर कीमत पर पड़ेगा। कारोबारी वायदा बाजार में 22 घंटे कारोबार कर सकेंगे। अभी सर्राफ सुबह नौ बजे से रात 11:55 तक ही ट्रेडिंग कर सकते हैं।

2-अभी सीमित समय होने की वजह से छोटे कारोबारियों को नुकसान का खतरा 60% तक रहता है और बड़े कारोबारियों को नुकसान का खतरा 40% और मुनाफे की संभावना 30% रहती है। अब मुनाफे की संभावना 50% तक बढ़ जाएगी।

3-सोने की सट्टेबाजी पर लगाम कसेगी। सीधे आयात और 22 घंटे ट्रेडिंग से सोने के भाव बेलगाम नहीं हो पाएंगे। अभी सोने की आसमान छूती कीमतों में सट्टेबाजी एक प्रमुख कारण है। ग्राहकों को वाजिब कीमत पर सोना मिलेगा।

4-इस नियम का सबसे बड़ा फायदा नकली सोने के सिंडीकेंट पर लगाम लगाना होगा। अभी विदेशी सोने के नाम पर देशभर के बाजारों में नकली मुहर वाले सोने की भरमार है। सीधे आयात से खरा सोना बाजार में पहुंचेगा।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के पंकज अरोड़ा का कहना हैं कि 25 करोड़ रुपये की सीमा को घटाना चाहिए ताकि छोटे ज्वैलर्स भी इस सुविधा का फायदा ले सकें। पांच करोड़ नेटवर्थ में इसे लाना होगा। छोटा ज्वैलर महंगा खरीदेगा और बड़ा ज्वैलर सस्ता खरीदेगा। इससे बाजार में दो भाव हो जाएंगे।

XXXXXXXXXXXX